पोजीशन सं. 02

भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *42
उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2026

एमटीएनएल का पुनरुद्धार

***42. श्री अरविंद गणपत सावंतः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के पुनरुद्धार के लिए सरकार द्वारा किए गए वित्तीय और प्रशासनिक उपायों का ब्यौरा क्या है;
(ख) पुनरुद्धार पैकेज के अंतर्गत अब तक स्वीकृत, जारी और व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;
(ग) इन उपायों के फलस्वरूप कंपनी की वित्तीय स्थिति में कितना सुधार हुआ है;
(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान एमटीएनएल के राजस्व, लाभ/हानि, कुल देनदारियों और कुल आस्तियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार निकट भविष्य में एमटीएनएल के लिए कोई नई पुनर्संरचना योजना लागू करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

''एमटीएनएल का पुनरुद्धार" विषय पर दिनांक 22 जुलाई, 2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.42 (पोजीशन सं. 2) के भाग (क) से (ङ) के संबंध में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण।

(क): दिल्ली और मुंबई में दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने हेतु वर्ष 1986 में निगमित महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) गंभीर वित्तीय और प्रतिस्पर्धात्मक संकट में आ गया था। सरकार ने एमटीएनएल के लिए विभिन्न वित्तीय और प्रशासनिक उपाय किए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ 24,071 करोड़ रुपये के सॉवरेन गारंटी बॉन्ड्स (एसजीबी) जुटाकर एमटीएनएल के उच्च लागत वाले ऋण की पुनर्संरचना, 4,327 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता के माध्यम से एमटीएनएल कर्मचारियों के स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम (वीआरएस) का वित्तपोषण, एसजीबी ब्याज भुगतान देने के लिए एमटीएनएल को 3,657.05 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता, सेवा करार के माध्यम से एमटीएनएल के प्रचालन कार्यकलापों को बीएसएनएल को अंतरित करना और एमटीएनएल की देनदारी के भुगतान के लिए एमटीएनएल की परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण शामिल है।

(ख): 24,071 करोड़ रुपये के सॉवरेन गारंटी बॉन्ड्स (एसजीबी) जुटाए गए हैं और वीआरएस स्कीम के लिए 4,327 करोड़ रुपये स्वीकृत और जारी किए गए हैं।

(ग) और (घ): इन उपायों के परिणामस्वरूप, एमटीएनएल वित्त वर्ष 2020-21 से ईबीआईटीडीए-सकारात्मक बना हुआ है, वित्त वर्ष 2023-24 से ईबीआईटीडीए में लगातार सुधार हुआ है (वित्त वर्ष 2023-24 में 43 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2024-25 में 195 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2025-26 में 437 करोड़ रुपये) । वर्ष-वार वित्तीय स्थिति निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)

वित्त वर्ष	कुल आय	प्रचालन आय/ईबीआईटीडीए	शुद्ध लाभ	कुल देयताएं#	कुल परिसंपत्तियां
2021-22	1,696.90	295.87	-2,616.57	30,960.09	12,303.64
2022-23	1,474.02	160.04	-2,915.22	32,477.54	11,634.64
2023-24	1,301.48	43	-3,317.42	34,340.00	10,677.20
2024-25	1,307.02	195	-3,341.36	37,119.94	10,184.31
2025-26	1,468.81	437	-3,101.50	40,008.52	10,033.68

लगभग 40,000 करोड़ रुपए की कुल देनदारियों के लिए एमटीएनएल के पास बाजार मूल्य के संदर्भ में लगभग 50,000 करोड़ रुपये की गैर-मूल परिसंपत्ति है।

(ङ): जी नहीं ।

*****